तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व ता... अहकाम जो ... हुक्म की तामील में जारी हुए
22/10/21	पत्रावली आज दिनांक को प्रशासन गांव के संग अभियान–2021 मुकाम राजीव गांधी सेवा केन्द्र ग्राम पंचायत सांवतगढ में पेश हुई। प्रकरण के सम्बन्ध में तहसीलदार हिण्डोली द्वारा पत्र क्रमांक :– 156/राजस्व/2021 दिनांक 22.10.2021 से रिपोर्ट प्रस्तुत कर निवेदन किया कि प्रकरण में अंकित विवादित भूमि पूर्व में ही न्यायालय प्रकरण संख्या 327/प्रा0पत्र/2016 बउनवान सरकार बनाम राधेश्याम निर्णय दिनांक 18.06.2016 से आंवटन निरस्त किया जाकर भूमि सिवायचक दर्ज किये जाने के आदेश दिये गये थे जिसकी पालना में नामान्तकरण संख्या 688 दिनांक 03.11.2016 से भूमि राजकीय सिवायचक दर्ज कर दी गई है। भूमि वर्तमान में राजकीय सिवायचक खाते में दर्ज है साथ ही पेरोकार सरकार द्वारा जवाब पेश कर भूमि राजकीय खाते में दर्ज होने से प्रार्थना पत्र प्रार्थी खारिज होने योग्य का निवेदन किया। अतः प्रकरण में विवादित भूमि राजकीय सिवायचक दर्ज होने से प्रार्थना पत्र प्रार्थी वर्तमान में पोषणीय नही होने से कार्यवाही इसी स्तर पर ड्रोप की जाकर प्रार्थना पत्र प्रार्थी खारिज किया जाता है। पत्रावली फैसल शुमार की जाकर बाद तकमील नम्बर से कम होकर दाखिल दफतर हों। निर्णय दौराने केम्प सरेआम सुनाया गया। उपखण्ड अधिकारी हिण्डोली (बून्दी)	